# HALF YEARLY EXAMINATION, 2024-25

**HINDI (COURSE-A)**

**Time – 3:00 Hrs.** **Class – X** **M.M. : 80**

**Date – ____________________**

**Name of the student _______________________________________________Section _____**

**सामान्य निर्देश –**
1. इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं–खंड 'क','ख','ग'और 'घ'।
2. दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए सभी खंडों के प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।
3. यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए ।

## खंड– 'क' अपठित बोध

**प्र.1 (अ) निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए–**

मनुष्य का शरीर पाँच तत्वों धरती, जल, आकाश, वायु और अग्नि से मिलकर बना है। वैसे तो ये सभी तत्व महत्त्वपूर्ण हैं, किंतु पंच तत्वों में वायु और जल अति महत्त्वपूर्ण तत्व हैं; जिनकी शरीर में अल्प मात्रा का अभाव हमारे प्राणों के लिए विकट स्थिति उत्पन्न कर देता है। नदी, तालाब, झरनों आदि का जल पीने योग्य माना जा है, किंतु विशाल जलराशि से परिपूर्ण होने पर भी खारेपन के कारण सागर का जल पीने योग्य नहीं है। यह पिपासा को शांत करने की बजाय बढ़ाता है। श्रांत-क्लांत व्यक्ति को यदि एक गिलास शीतल जल मिल जाए, तो वह तृप्त हो जाता है। मनीषियों ने रुके हुए जल का संबंध दुर्बुद्धि से जोड़ा है और चरित्र को 'बहते जल' के समान पवित्र बनाने की सलाह दी है तथा निर्लज्ज के लिए 'आँख का पानी मरना' कहा है। निष्कर्षतः मनुष्य को अपना जीवन जल-सा अनमोल बनाना चाहिए। जीवन एक झरना है। अपनी गति में, अपनी धुन में वह अपनी राह में आने वाली सारी रुकावटें पार कर लेता यह गति ही उसका जीवन है, उसकी पहचान है। जब तक वह गतिशील है, तब एक वह झरना है। इसी प्रकार जीवन को आगे बढ़ाने के लिए मनुष्य को निरंतर चलना चाहिए। गतिशीलता, निरंतर आगे बढ़ते रहना, निरंतर कर्म करते रहना ही जीवन है। जिस दिन मनुष्य के जीवन से यह गतिशीलता समाप्त हो जाएगी, वह जीवित रहते हुए भी अस्तित्वहीन हो जाएगा। अतः मनुष्य को अपने जीवन में आगे बढ़ना है, अपना कर्म करते रहना है।

(i) सागर का जल (खारेपन के कारण) पीने की स्थिति में कैसा प्रभाव डालता है? 1

(क) प्यास बुझा देता है (ख) प्यास को और ज्यादा बढ़ा देता है

(ग) मानव तृप्त हो जाता है (घ) कम मात्रा में पिया जाता है

(ii) मनीषियों ने रुके हुए जल का सम्बन्ध किससे जोड़ा है? 1

(क) बुरी बुद्धि से (ख) अच्छी बुद्धि से (ग) तेज़ बुद्धि से (घ) मंद बुद्धि से

(iii) वास्तव में मानव-जीवन क्या है? 1

(क) सुविशाल समुद्र (ख) अपनी मस्ती में चलना

(ग) निरंतर गतिशीलता और कर्मठता (घ) एक स्थान पर रुकना

(iv) मानव शरीर किन-किन तत्वों से मिलकर बना है? 2

(v) मनुष्य का शरीर बनाने वाले तत्वों में सर्वाधिक महत्वपूर्ण तत्व कौन से हैं? इनके अभाव की स्थिति में क्या होता है? 2

**(ब) निम्नलिखित पद्यांश पर आधारित विकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए–**

विचार लो कि मर्त्य हो न मृत्यु से डरो कभी,
मरो, परंतु यों मरो कि याद जो करें सभी।
हुई न यों सुमृत्यु तो वृथा मरे, वृथा जिए
मरा नहीं वही कि जो, जिया न आपके लिए
सहानुभूति चाहिए, महाविभूति है यही;
वशीकृता सदैव है बनी हुई स्वयं मही।
विरुद्धवाद बुद्ध का दया-प्रवाह में बहा,

विनीत लोकवर्ग क्या न सामने झुका रहा?
अहा! वही उदार है परोपकार जो करे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे ॥
रहो न भूल के कभी मदांध तुच्छ वित्त में,
सनाथ जान आपको करो न गर्व चित्त में।
अनाथ कौन है यहाँ? त्रिलोकनाथ साथ हैं,
दयालु दीनबंधु के बड़े विशाल हाथ हैं।
अतीव भाग्यहीन है अधीर भाव जो करे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे ॥

(i) कवि कैसी मृत्यु को उत्तम मानता है? 1

(क) जब बहुत धन कमाकर मरें (ख) भगवान् का नाम लेकर मरें
(ग) संघर्ष करते हुए मरें (घ) जब सब लोग याद करें

(ii) कवि के अनुसार व्यक्ति किस बात पर घमंड करता है? 1

(क) अपनी बुद्धिमत्ता पर (ख) सुन्दर शरीर पाकर (ग) तुच्छ धन कमाकर (घ) झूठी ताकत पाकर

(iii) कवि भाग्यहीन किन्हें मानता है? 1

(क) जिनके पास धैर्य नहीं है (ख) जो देर तक सोते हैं
(ग) जो समय के साथ आगे नहीं बढ़ते (घ) जो धन कमाने में लगे हैं

(iv) उदार व्यक्ति की क्या पहचान हो सकती है? 2

(v) कवि ने ऐसा क्यों कहा कि कोई अनाथ नहीं हो सकता? 2

## खंड– 'ख' व्यवहारिक व्याकरण

**प्र.2 निर्देशानुसार 'वाक्य भेद' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 4**

(क) 'मुझे घर जाना है इसलिए मुझे न रोकें।' इसका सरल वाक्य क्या होगा?
(ख) 'मैंने एक बहुत गोरे व्यक्ति को देखा' –इसका मिश्र वाक्य क्या होगा?
(ग) पानी की ओर देखकर सभी डर गए– इसका संयुक्त वाक्य बनाकर लिखिए।
(घ) नवाब साहब ने संगति के लिए कोई उत्साह नहीं दिखाया।(रचना के आधार पर वाक्य-भेद लिखिए)
(ङ) आपको सूचित किया जाता है–(रचना के आधार पर वाक्य-भेद लिखिए)

**प्र.3 निम्नलिखित वाच्य-आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर दीजिए – 4**

(i) उनसे यह कार्य नहीं किया जा सकेगा। (कर्तृवाच्य में बदलकर लिखिए)
(ii) आइए, चलें। (भाववाच्य में बदलकर लिखिए)
(iii) सबने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। (कर्मवाच्य में बदलकर लिखिए)
(iv) उस छात्रा द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि दी जा रही है। (कर्तृवाच्य में बदलकर लिखिए)
(v) बच्चों से गर्मी में भी सोया जा रहा है – (वाच्य की पहचान करके लिखिए)

**प्र.4 निर्देशानुसार पद-परिचय पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर दीजिए – 4**

(i) हमें **परोपकारी** जीवन व्यतीत करना चाहिए (रेखांकित अंश का पद-परिचय लिखिए)
(ii) नीली कार **किसकी** है – (रेखांकित अंश का पद-परिचय दीजिए)
(iii) आगे जाकर आपको **दाएँ** मुड़ना है – (रेखांकित अंश का पद-परिचय लिखिए)
(iv) गांधीजी ने मानवता की सेवा **की** – (रेखांकित अंश का पद-परिचय दीजिए)
(v) **हर्ष** आज गीत गाएगा– (रेखांकित अंश का पद-परिचय लिखिए)

**प्र.5 निर्देशानुसार अलंकार पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर दीजिए – 4**

(i) 'दल बाँधि के अंधड़ आवै चला' – (अलंकार पहचानकर लिखिए)
(ii) 'राणा की पुतली फिरी नहीं, तब तक चेतक मुड़ जाता था' – (अलंकार पहचानकर लिखिए)
(iii) 'मनहुँ नीलमणि शैल पर आतप परयो प्रभात' – (अलंकार पहचानकर लिखिए)
(iv) 'प्रीति-नदी' में पाँव न बोरयो–(अलंकार पहचानकर लिखिए)
(v) 'सुनत जोग लागत है ऐसो ज्यों करुई ककरी' – (अलंकार पहचानकर लिखिए)

## खंड– 'ग' पाठ्य–पुस्तक क्षितिज एवं वितान

**प्र.6 (अ) निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए– 5**

मूर्ति संगमरमर की थी। टोपी की नोक से कोट के दूसरे बटन तक कोई दो फुट ऊँची। जिसे कहते हैं, बस्ट । और सुंदर थी। नेताजी सुंदर लग रहे थे। कुछ–कुछ मासूम और कमसिन । फ़ौजी वर्दी में। मूर्ति को देखते ही 'दिल्ली चलो' और 'तुम मुझे खून दो...' वगैरह याद आने लगते थे। इस दृष्टि से यह सफल और सराहनीय प्रयास था। केवल एक चीज़ की कसर थी, जो देखते ही खटकती थी। नेताजी की आँखों पर चश्मा नहीं था। यानी चश्मा तो था, लेकिन संगमरमर का नहीं था। एक सामान्य और सचमुच के चश्मे का चौड़ा काला फ्रेम मूर्ति को पहना दिया गया था। हालदार साहब जब पहली बार इस कस्बे से गुज़रे और चौराहे पर पान खाने रुके, तभी उन्होंने इसे लक्षित किया और उनके चेहरे पर एक कौतुक भरी मुसकान फैल गई। यह आइडिया भी ठीक है। मूर्ति पत्थर की, लेकिन चश्मा रियल !

(i) मूर्ति को सफल तथा सराहनीय प्रयास क्यों कहा गया?

(क) मूर्ति को देखकर नगरपालिका की याद आ जाती थी (ख) मूर्ति ह्रदय में देशभक्ति के भाव भर देती थी

(ग) मूर्ति वाला स्थान सुंदर लगने के कारण (घ) मूर्ति बहुत सुंदर और रंग–बिरंगी लग रही थी

(ii) किस नेता की मूर्ति लगाई गई थी?

(क) जवाहर लाल नेहरू (ख) डॉ० राजेंद्र प्रसाद (ग) सरदार वल्लभभाई पटेल (घ) सुभाषचंद्र बोस

(iii) मूर्ति में किस चीज की कमी थी,जो आँखों को खटकती थी?

(क) संगमरमर की मूर्ति पर संगमरमर का चश्मा (ख) संगमरमर की मूर्ति पर गोल चश्मा

(ग) संगमरमर की मूर्ति पर सरकंडे का चश्मा (घ) संगमरमर की मूर्ति पर बहुत बड़ा चश्मा

(iv) हालदार साहब के चेहरे पर कौतुक भरी मुसकान क्यों फैल गई?

(क) पान बहुत स्वादिष्ट था (ख) पानवाला बहुत मजाकिया था

(ग) मूर्ति की आँखों पर वास्तविक चश्मा था (घ) मूर्ति बहुत सुंदर थी

(v) हालदार साहब ने मूर्ति को कब देखा?

(क) कंपनी के काम के सिलसिले में पहली बार क़स्बे के चौराहे पर जब पान खाने रुके।

(ख) कंपनी के काम के सिलसिले में चौराहे पर घूमते हुए।

(ग) जब पानवाले ने हालदार साहब को बताया।

(घ) कंपनी के काम के सिलसिले में मूर्ति को देखने गए।

**प्र.7 गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग २५–३० शब्दों में लिखिए– 6**

(क) बालगोविन भगत की पतोहू पुनर्विवाह क्यों नहीं करना चाहती थी?

(ख) नवाब साहब की किस गतिविधि से लेखक के ज्ञान–चक्षु खुल गए?वह ज्ञान क्या था?

(ग) सेनानी न होते हुए भी चश्मेवाले को लोग कैप्टन क्यों कहते थे?

(घ) बालगोविन भगत की ऐसी क्या विशेषताएं थीं जिससे लोग उनको साधु कहते थे?

**प्र.8 निम्नलिखित पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए – 5**

बिहँसि लखनु बोले मृदु बानी। अहो मुनीसु महाभट मानी।
पुनि–पुनि मोहि देखाव कुठारू। चहत उड़ावन फूँकि पहारू।।
इहाँ कुम्हड़ बतिया कोउ नाहीं। जे तरजनी देखि मरि जाहीं॥
देखि कुठारु सरासन बाना। मैं कछु कहा सहित अभिमाना।

(i) प्रस्तुत काव्यांश में किसने–किससे कहा?

(क) विश्वामित्र ने परशुराम से (ख) श्रीराम ने परशुराम से

(ग) परशुराम ने लक्ष्मण से (घ) लक्ष्मण ने परशुराम से

(ii) 'फूँक से पहाड़ उड़ाना' मुहावरे का अर्थ है –

(क) फूंक मारकर पहाड़ को उड़ा देना (ख) असंभव को संभव करना

(ग) पहाड़ को हल्का करना (घ) संभव को असंभव करना

(iii) 'इहाँ कुम्हड़बतिया कोउ नाहीं ।' पंक्ति द्वारा लक्ष्मण क्या कहना चाहते हैं?

(क) सभा में उपस्थित सभी सदस्य कमज़ोर हैं। (ख) सभा में उपस्थित सभी सदस्य धनवान हैं।

(ग) सभा में उपस्थित सदस्य अत्यंत कमज़ोर नहीं हैं। (घ) सभा में उपस्थित सदस्य डरपोक हैं।

(iv) परशुराम के हाथ में फरसा और कंधे पर धनुष-बाण देखकर लक्ष्मण ने क्या समझा?

(क) परशुराम जी महान योद्धा हैं। (ख) परशुराम जी महान संन्यासी हैं।

(ग) परशुराम जी क्रोधी हैं। (घ) परशुराम जी जादूगर हैं।

(v) इस काव्यांश की भाषा और इस छंद का नाम है-

(क) भाषा अवधी, छंद-दोहा। (ख) भाषा-ब्रजभाषा, छंद-चौपाई।

(ग) भाषा-अवधी, छंद-चौपाई। (घ) भाषा-ब्रजभाषा, छंद-दोहा।

**प्र.9 पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उतर लगभग २५-३० शब्दों में लिखिए- 6**

(क) गोपियों ने श्रीकृष्ण को हारिल की लकड़ी क्यों कहा ?

(ख) लक्ष्मण ने श्रीराम को निर्दोष सिद्ध करने के लिए क्या-क्या तर्क दिए?

(ग) कवि जयशंकर प्रसाद अपनी आत्मकथा लिखने से क्यों बचना चाहते थे?

(घ) गोपियों के अनुसार राजधर्म क्या है? राजधर्म की चर्चा से गोपियों की कौन सी विशेषता पता चलती है?

**प्र.10 पूरक पाठ्य-पुस्तक 'वितान' के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग ५०-६० शब्दों में लिखिए- 8**

(क) एक संवेदनशील युवा नागरिक के रूप में पर्यावरण प्रदूषण रोकने में आप क्या भूमिका निभाएँगे?

(ख) अद्वितीय सौन्दर्य का आनंद लेती हुई लेखिका ने जब पहाड़ी औरतों को पत्थर तोड़ते देखा तो उसे कैसी अनुभूति हुई?

(ग) 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ के अनुसार प्रकृति ने जल-संचय की अद्भुत व्यवस्था कैसे की है?

## खंड- 'घ' रचनात्मक-लेखन

**प्र.11 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग १२० शब्दों में सारगर्भित अनुच्छेद लिखिए- 6**

(क) **बाल-श्रमिक समस्या**- *बाल-श्रमिक का आशय *मुख्य कारण *समाधान

(ख) **ऑनलाइन खरीददारी** - *समय की मांग *अभिप्राय *आवश्यकता *सावधानियाँ

(ग) **ग्राम्य-जीवन** - *ग्राम्य जीवन-शैली *अन्तर *सुविधा-असुविधा

**प्र.12** आपके नगर के अति प्राचीन पार्क की स्थिति जर्जर हो चुकी है. इसका पुनर्निर्माण करवाने का अनुरोध लेकर नगर निगम के अध्यक्ष को लगभग १०० शब्दों में एक पत्र लिखिए । **5**

**अथवा**

योग-दिवस के अवसर पर आपने विशाल योग शिविर में भाग लिया । योग के लाभ तथा शिविर का अनुभव साझा करते हुए गाँव में रहने वाले अपने मित्र को लगभग १०० शब्दों में पत्र लिखिए ।

**प्र.13** किसी प्रसिद्ध अख़बार में पत्रकार के पद पर नियुक्ति हेतु लगभग 80 शब्दों में स्ववृत्त तैयार कीजिये। **5**

**अथवा**

आप विद्यार्थी सम्मलेन के लिए नगर निगम का अतिथि-गृह आरक्षित करना चाहते हैं। अतिथि-गृह के प्रभारी को लगभग 80 शब्दों में ई-मेल लिखकर निवेदन कीजिये ।

**प्र.14** मतदान करने हेतु लोगों को जागरूक करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग छ.ग. इकाई द्वारा जनहित में जारी **विज्ञापन** का निर्माण कीजिए। **4**

**अथवा**

शिक्षक-दिवस के अवसर पर अपने प्रिय शिक्षक को लगभग **४० शब्दों में शुभकामना-संदेश** लिखिए ।